GANGA®
Acrowools
KNITTING YARN



ELITE

नाप	लम्बाई– 30 इंच, चौड़ाई– 15 इंच, बाजू– 22 इंच
सामग्री	गंगा की एलीट ऊन
शेड न0	152014, 371642
सलाई न0	4(6mm) - 4(Medium) व सिलने वाली सुई
कुल ऊन	470 ग्राम

जैकेट बनाने की विधी– 55 फंदे डालकर गहरे लाल रंग की ऊन से 1 सलाई उल्टी बुनकर, 1 सलाई ग्रे रंग की ऊन से 1 लाइन उल्टी बुन लें। फिर से ड्राक रैड रंग की ऊन से 1 लाइन उल्टे फंदों से बुन लें। इस डिज़ाइन को आप लम्बाई में नहीं चौड़ाई में शुरू करें। इस प्रकार उल्टी–उल्टी सलाई से ऊन को बदलते हुए डिज़ाइन को बुनते हुए 22 इंच का भाग बनाकर कंधे के लिए 2–2 सलाई छोड़कर आगे और पीछे वाले साइड के भाग को अलग–अलग करके बुनना शुरू करें। 8 इंच का कंधा तैयार करके जैकेट के 3 भागों के फंदों को बंद कर लें।

बाजू बनाने की विधी– 35 फंदे डालकर गहरे लाल रंग की ऊन से 1 सलाई उल्टी बुनकर, 1 सलाई ग्रे रंग की ऊन से 1 लाइन उल्टी बुन लें। डिज़ाइन को बुनते हुए 4–4 फंदों को बढ़ाते हुए 17 लाइन की बाजू को बनाकर 4–4 फंदे घटाते हुए 24 इंच की 1 बाजू तैयार करके इसी प्रकार दूसरी साइड की भी बाजू को तैयार करके जैकेट के साथ दोनों बाजू सिलकर जैकेट की भी सिलाई करके जैकेट को तैयार कर लें।

गला बनाने की विधी– 50 फंदे उठाकर गहरे लाल रंग की ऊन से 1 सलाई उल्टी बुनकर, 1 सलाई ग्रे रंग की ऊन से 1 लाइन उल्टी बुन लें। 5 लाइन का डिज़ाइन बनाकर फंदों को बंद करके गोल गला तैयार कर लें। इस प्रकार आप जैकेट कैप तैयार कर लें।

कैप बनाने की विधी– 35 फंदे डालकर गहरे लाल रंग की ऊन से 1 सलाई उल्टी बुनकर, 1 सलाई ग्रे रंग की ऊन से 1 लाइन उल्टी बुनते हुए घटाते जाएं। 3–3 फंदे की घटाई डालते हुए डिज़ाइन बनाते हुए फंदों को 4 बार घटाकर 3 फंदे रखकर अब आप फिर से फंदों को बढ़ाते हुए 35 फंदे करके कैप का 1 भाग तैयार करके इसी प्रकार दूसरी साइड का भाग तैयार करके कैप का ऊपर का भाग तैयार करके कैप का बार्डर बनाने के लिए 45 फंदे उठाकर उल्टे–उल्टे फंदों से ऊन को बदलते हुए 6 लाइन बनाकर फंदों को बंद करके कैप को तैयार कर लें।